सेट–IV

# Model Question Paper

## प्रारूप प्रश्न–पत्र

सत्र–2020–2021

**विषय : सामाजिक विज्ञान** — **पूर्णांक – 90**

**कक्षा : 10 (Xth)** — **समय : 3 घंटे**

## सामान्य निर्देश

1. परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. इस प्रश्न पत्र में चार इकाई है एवं सभी इकाई के सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| i- | इकाई –I | इतिहास | : | 23 अंक |
| ii- | इकाई –II | भूगोल | : | 23 अंक |
| iii- | इकाई –III | नागरिकशास्त्र | : | 22 अंक |
| iv- | इकाई –IV | अर्थशास्त्र | : | 22 अंक |

3. प्रश्न के स्वरूप निम्न होंगे :–
   - (क) बहुविकल्प/रिक्त स्थान की पूर्ति करें
   - (ख) अति लघुप्रश्न
   - (ग) लघु प्रश्न
   - (घ) दीर्घ प्रश्न
4. 02 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए।
   04 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए।
   05 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 200–250 शब्दों में दीजिए।

## इकाई– I इतिहास

**बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

1. फ्रेड्रिक सॉरयू कौन था? — 1

(A) जर्मन का चांसलर (B) फ्रांसीसी चित्रकार
(C) रूसी दार्शनिक (D) पुर्तगाली नाविक

2. 'पूना पैकट' कब हुआ? — 1

(A) मार्च 1930 (B) फरवरी 1931
(C) सितंबर 1932 (D) अप्रैल 1933

3. 'सिल्क मार्ग' मुख्यतः किन दो महाद्वीपों को जोड़ता है? — 1

(A) एशिया और अफ्रिका (B) एशिया और अमेरिका
(C) एशिया और आस्ट्रेलिया (D) एशिया और यूरोप

4. कब यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता मिली? — 1

(A) 1928 (B) 1930
(C) 1932 (D) 1934

5. कैरोल कुर्पिस्की कौन था? — 1

(A) इटली राष्ट्रवादी (B) फ्रांसीसी राष्ट्रवादी
(C) रूसी राष्ट्रवादी (D) पोलिश राष्ट्रवादी

6. गाँधी जी दक्षिण अफ्रिका से भारत कब लौटे? 1

(A) 1915 (B) 1916
(C) 1918 (D) 1919

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

7. बलूत वृक्ष को ............. का प्रतीक माना जाता है। 1
(वीरता, एकता)

8. पशुओं में प्लेग की तरह फैलने वाली बिमारी को ........... कहते हैं। 1
(किंडरपेस्ट, रिंडरपेस्ट)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

9. हाथ से बुने हुए वस्त्र की प्रमुख दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

10. 'ब्रिटेन बुड्स' की स्थापना के प्रमुख उद्देश्य क्या थे? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

11. पहले विश्वयुद्ध ने भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन के विकास में किस प्रकार योगदान दिया? 4

**OR**

बताएँ कि पूर्व–आधुनिक विश्व में बीमारियों के वैश्विक प्रसार ने अमेरिकी भूभागों के उपनिवेशीकरण में किस प्रकार मदद की?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**

12. प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत का आद्योगिक उत्पादन क्यो बढ़ा? 5

**OR**

फ्रांसीसी लोगों के बीच सामूहिक पहचान का भाव पैदा करने के लिए फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने क्या कदम उठाए?

13. दिए गए विश्व के मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शाएँ– 2

(क) उत्तरी अमेरिका (ख) हिन्द महासागर



## <u>इकाई–II भूगोल</u>

**<u>बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।</u>**

14. लौह अयस्क किस प्रकार का संसाधन है? 1

(A) नवीकरण योग्य (B) जैव
(C) प्रवाह (D) अनवीकरण योग्य

15. भारतीय वन्य जीवन (रक्षण) अधिनियम कब लागू किया गया? 1

(A) 1972 (B) 1973

(C) 1974 (D) 1975

16. भारत की दो प्रमुख खाद्यान फसलें कौन–सी हैं? 1

(A) चावल और गेहूँ (B) गेहूँ और मक्का

(C) चावल और बाजरा (D) मक्का और चना

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

17. ..................... ऊर्जा का स्रोत हैं 1

(कोयला, भू–तापीय)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

18. आधारभूत उद्योग से आप क्या समझते हैं? उदाहरण देकर बताएँ। 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

19. राजस्थान के अर्ध'शुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल–संग्रहण किस प्रकार किया जाता है? वर्णन कीजिए। 4

20. खाद्य सुरक्षा से आप क्या समझते हैं? इस दिशा में भारत सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए। 4

**OR**

अधिकांश लोहा तथा इस्पात उद्योग छोटानागपुर के पठारी क्षेत्र में क्यों संकेंद्रित हैं?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**

21. भारत में विभिन्न समुदायों ने किस प्रकार वनों और वन्य जीव संरक्षण और रक्षण में योगदान किया है? विवेचना करें। 5

**OR**

चाय की कृषि के लिए उपयुक्त भौगोलिक दशाओं का वर्णन करें एवं इसके दो प्रमुख उत्पादक राज्यों के नाम लिखिए।


22. दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाएँ– 2

(i) कपास क्षेत्र

(ii) चाय क्षेत्र



23. दिये गये भारत के मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और क,ख द्वारा प्रदर्शित जगहों को पहचान कर नामांकित करें। 2




## इकाई–III नागरिकशास्त्र

**बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

24. अल्पसंख्यक फ्रेंच–भाषी लोग तुलनात्मक रूप से किनसे ज्यादा समृद्ध और ताकतवर रहे हैं। 1

(A) जर्मन (B) ब्रिटिश

(C) डच (D) पुर्तगाली

25. पोखरण किस राज्य में पड़ता है ? 1

(A) पंजाब (B) राजस्थान

(C) गुजरात (D) उड़िसा

26. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन कब हुआ था ? 1

(A) 1857 (B) 1949

(C) 1885 (D) 1951

27. इनमें से कौन बहुजन समाज पार्टी का संस्थापक है ? 1

(A) बी0आर0 अम्बेदकर (B) साहू महाराज

(C) ज्योतिबा फुले (D) कांशीराम

28. लोकतंत्र के मूल्यांकन के लिहाज से इनमें कोई एक चीज लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है। 1

(A) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव (B) व्यक्ति की गरिमा

(C) बहुसंख्यकों का शासन (D) कानून के समक्ष समानता

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

29. नगरनिगम के प्रधान पदाधिकारी को ........... कहते हैं। 1

(पार्षद, महापौर)

30. कई ................ को मिलाकर पंचायत समिति का गठन होता है। 1

(ग्राम–सभाओं, ग्राम पंचायतों)

31. शासन के विभिन्न अंगों के बीच सत्ता के बँटवारे को ............. कहते हैं। 1
(क्षैतिज वितरण, उर्ध्वाधर वितरण)

32. स्थानीय स्वशासी निकायों में कम से कम ............ पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। 1
(1/6, 1/3)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

33. सत्ता का विकेंद्रीकरण से आप क्या समझते हैं? 2

34. सत्ता की साझेदारी में युक्तिपरक तर्क से क्या अभिप्राय है? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

35. लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के सामने अपने विस्तार की क्या–क्या चुर्नातियाँ हैं? स्पष्ट करें। 4

**OR**

लोकतंत्र किन स्थितियों में सामाजिक विवधिता को संभालता है और उनके बीच सामंजस्य बैठाता है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**

36. राजनीति दल अपना काम–काज बेहतर ढंग से करें, इसके लिए मजबूत बनाने के कुछ सुझाव दीजिए। 5

**OR**

भारत के संघीय और एकात्मक स्वरूपों में क्या–क्या मुख्य अंतर है? इसे उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

## इकाई–IV अर्थशास्त्र

**बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

37. इनमें से कौन तृतीयक क्षेत्रक से संबंधित है? 1

(A) कृषि (B) डेयरी
(C) बैंक सेवाएँ (D) चीनी

38. विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय कहाँ स्थित है? 1

(A) जेनेवा (B) चीन
(C) भारत (D) इनमें से कोई नहीं

39. ऋण के औपचारिक स्रोतों में शामिल नहीं है– 1

(A) बैंक (B) नियोक्ता
(C) सहकारी समिति (D) इनमें से कोई नहीं

40. भारत में बैंक कुल जमा राशि का कितना प्रतिशत नकद के रूप में अपने पास रखते हैं? 1

(A) 10 % (B) 12 %
(C) 15 % (D) 20 %

41. फोर्ड मोटर्स नामक कम्पनी भारत में कब आई ? 1

(A) 1992 ई॰ (B) 1994 ई॰

(C) 1993 ई॰ (D) 1995 ई॰

42. डिजाइन या चित्र तैयार करने का काम किससे की जाती है ? 1

(A) पेजर (B) कम्प्यूटर

(C) ई–बैंकिंग (D) कोई नहीं

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

43. विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया दी .. ...................... है। 1

(वैश्वीकरण, राष्ट्रीयकरण)

44. ................ क्षेत्रक के श्रमिक वस्तुओं का उत्पादन नहीं करतें हैं। 1

(तृतीयक, कृषि)

45. बहुराष्ट्रीय कंपनिया अतिरिक्त निवेश के लिए ........ प्रदान कर सकती है। 1

(ऋण, धन)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

46. कृषि एवं सहायक क्षेत्रक किसे कहा जाता है ? 2

47. प्रच्छन्न बेरोजगारी किसे कहते हैं ? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

48. विकास में ऋण की भूमिका का विश्लेषण करें। 4

**OR**

श्रम कानूनों में लचीलापन कंपनियों की कैसे मदद करेगा ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**

49. ऋण के औपचारिक और अनौपचारिक स्रोतों में क्या अन्तर है ? 5

**OR**

भारतीय रिजर्व बैंक अन्य बैंकों की गतिविधियों पर किस तरह नजर रखता है ? यह जरूरी क्यों है ?